कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या– 39 /01/ई–3/2018–19
दिनांकः प्रयागराज 08 जुलाई, 2020

विज्ञप्ति

सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2018 दिनांक 18.7.2020 व 19.7.2020 तक लखनऊ जनपद में प्रथम सत्र 9.30 बजे पूर्वान्ह् से 12.30 बजे अपरान्ह् तक तथा द्वितीय सत्र 2.00 बजे अपरान्ह् से 5.00 बजे अपरान्ह् तक सम्पन्न होनी है। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र जमा करने की चारों चरण की प्रकिया निर्धारित तिथि तक पूर्ण की गयी है एवं कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत निर्गत विज्ञप्ति संख्या–38/01/ई–3/2018–19, दिनांक 07.07.2020 में दिये गये शर्तों के अधीन कार्यवाही पूर्ण की है उन्हें ही मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रवेश दिया गया है।

2. अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उन्हें प्रारम्भिक परीक्षा के आनलाइन आवेदन में किये गये दावों एवं मुख्य परीक्षा हेतु आनलाइन दी गयी सूचना के आधार पर औपबन्धिक रूप से प्रवेश दिया जा रहा है। अतएव उसकी अर्हता आवेदन–पत्र की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 28.01.2019 तक धारित करते हों तभी परीक्षा में सम्मिलित हों अन्यथा बाद में परीक्षण के दौरान अनर्ह पाये जाने पर उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। अभ्यर्थी उक्त परीक्षा का प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।

जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पर फोटो मुद्रित न हो वे आई.डी. प्रूफ की मूलप्रति एवं दो छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों अन्यथा उन्हें परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

08/7/2020

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।

कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या– 38 / 01 / ई–3 / 2018–19
दिनांकः प्रयागराज 07 जुलाई, 2020

विज्ञप्ति

सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2018 के ऐसे अभ्यर्थियों जिन्होंने आनलाइन प्रक्रिया पूर्ण की है, किन्तु आवेदन पत्र निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 23.6.2020 तक आयोग कार्यालय में प्रस्तुत नहीं कर पाये हैं, को Covid-19 महामारी के दृष्टिगत निम्न अनुक्रमॉक–005574, 005685, 006270, 009840, 015957, 020110, 021880, 026317, 028363, 028877, 038399, 040170, 042188, 043568 को औपबन्धिक प्रवेश इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि वे आवेदन पत्र की हार्ड कापी समस्त अभिलेखों सहित दिनांक 15.7.2020 तक आयोग कार्यालय में उपलब्ध करायें। किन्हीं विशेष परिस्थिति के कारण ये सम्भव नही हो पाये तो परीक्षा तिथि के प्रथम दिवस को परीक्षा केन्द्र पर अवश्य प्रस्तुत कर दें, अन्यथा उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

अनुक्रमॉक–011271 के अभ्यर्थी द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2018 का आवेदन–पत्र न प्रस्तुत कर अन्य परीक्षा का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उन्हें भी उपरोक्त शर्तों के अधीन सहायक अभियोजन अधिकारी (मुख्य) परीक्षा, 2018 का आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा।

7/7/2020
(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक।